नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्रदत्त

ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha

(A Central University Established by Parliament by Act No.3 of 1997)

प्रवेश-विवरणिका

(स्नातक एवं परास्नातक कार्यक्रम)

शैक्षणिक सत्र : 2026-27

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय की स्थापना संसद द्वारा 1996 ई. में पारित अधिनियम के अंतर्गत 1997 ई. में केंद्रीय विश्वविद्यालय के रूप में की गई। देश का यह पहला अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की कर्मभूमि सेवाग्राम (वर्धा) से लगभग दस किलोमीटर दूर नागपुर-मुंबई राजमार्ग पर अवस्थित है। विश्वविद्यालय का क्षेत्रफल लगभग 212 एकड़ है।

विश्वविद्यालय की स्थापना सुदीर्घ प्रयत्नों का सुफल है। हिंदी भाषा और साहित्य की उन्नति के साथ ज्ञान के विभिन्न अनुशासनों में अध्ययन, अनुसंधान और प्रशिक्षण के लिए एक समर्थ माध्यम के रूप में हिंदी का सम्यक् विकास इसका प्रधान लक्ष्य है। देश-दुनिया की भाषाओं के साथ हिंदी के तुलनात्मक अध्ययन तथा उनसे अधुनातन अनुशासनों की अद्यतन ज्ञान-सामग्री का हिंदी में अनुवाद और विकास विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। आज के बहुभाषा-भाषी विश्व में एक समर्थ अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में हिंदी की पहचान स्थापित करना भी विश्वविद्यालय का प्रमुख लक्ष्य है। विश्वविद्यालय में भाषा विद्यापीठ, साहित्य विद्यापीठ, संस्कृति विद्यापीठ, अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ, सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ, विधि विद्यापीठ, शिक्षा विद्यापीठ एवं प्रबंधन विद्यापीठ के अंतर्गत शोध, परास्नातक, स्नातक और पी.जी. डिप्लोमा कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। प्रयागराज, कोलकाता तथा रिद्धपुर में विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र हैं जहाँ कई कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं। इसके साथ ही विश्वविद्यालय का दूर शिक्षा निदेशालय दूर शिक्षा के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन कर रहा है।

विश्वविद्यालय द्वारा अपने अंतरराष्ट्रीय स्वरूप को दृष्टिगत रखते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के शिक्षकों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इस विश्वविद्यालय में आवासीय परिसर के साथ साइबर परिसर की सह-परिकल्पना की गई है। इसके लिए आधुनिक तकनीकी उपादानों को संयोजित किया गया है। साइबर परिसर को संभव बनाने के लिए विश्वविद्यालय में 'लीला' (Laboratory in Informatics for Liberal Arts) की स्थापना की गयी है। पारंपरिक पुस्तकालय के साथ डिज़िटल पुस्तकालय का विकास भी विश्वविद्यालय की योजना का अंग है। मौलिक और मानक ग्रंथों का प्रकाशन, दुर्लभ पांडुलिपियों, चित्रों, दस्तावेज़ों का संग्रह, विश्वकोशों और संदर्भकोशों का निर्माण आदि विश्वविद्यालय की अनूठी योजनाएँ हैं।

कुलपति का संदेश

प्रिय शिक्षार्थियों,

अकादमिक वर्ष 2026–27 हेतु महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में आपका हार्दिक स्वागत है।

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय की स्थापना संसद द्वारा पारित अधिनियम, 1997 क्रमांक 03 के अंतर्गत एक केंद्रीय विश्वविद्यालय के रूप में वर्धा, महाराष्ट्र में हुई है। यह एकमात्र ऐसा विद्या उपार्जन का केंद्र है, जो मुख्यतः हिंदी भाषा और साहित्य की उन्नति और विकास के साथ–साथ अन्य भारतीय भाषाओं के उन्नयन और विकास तथा सुसंगत विद्या–शाखाओं में ज्ञान–विज्ञान को उपलब्ध कराने और हिंदी की प्रकार्यात्मक क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। बीसवीं शताब्दी के अंतिम दशक में इस विश्वविद्यालय ने कार्य करना आरंभ किया। विश्वविद्यालय का सूत्र वाक्य ज्ञान, शांति, मैत्री ही उसका मार्गदर्शक सिद्धांत है। वैयक्तिक और सामाजिक विकास के अवसर प्रदान करने का उद्यम गांधीवादी उद्देश्य के अनुकूल है। शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व, नैतिक व्यवहार, वैश्विक भ्रातृत्व और सांस्कृतिक आदान–प्रदान गांधी, विनोबा, अंबेडकर, दीनदयाल, सावरकर, दत्तोपंत ठेंगड़ी जैसे महापुरुषों के विचारों की बुनियादी आधारभूमि है। यह विश्वविद्यालय इन मूल्यों और विचारों को अपने पाठ्यक्रमों और कार्यक्रमों में आत्मसात करने के लिए अभिप्रेरित है।

विश्वविद्यालय से यह अपेक्षा होती है कि वहाँ से उपजे नए विचार और नवाचार जीवन की गुणवत्ता के संवर्द्धन में सहायक होंगे। सूचना और ज्ञान के विस्फोट के वर्तमान युग में शिक्षा संस्थानों के लिए ज्ञान को व्यापक समाज तक प्रभावी ढंग से पहुँचाना एक जटिल चुनौती है। ऐसे में यह विश्वविद्यालय आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए विद्यार्थियों को एक जीवंत शैक्षिक और सांस्कृतिक परिवेश उपलब्ध कराता है जहाँ विविध सृजनात्मक प्रवृत्तियों के विकास पर बल दिया जाता है। माननीय राष्ट्रपति और कुलाध्यक्ष ने भाषा, साहित्य, संस्कृति, अनुवाद एवं निर्वचन, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान, विधि, शिक्षा तथा प्रबंधन के विद्यापीठों में अध्ययन–अध्यापन और शोध की अनुमति दी है। हिंदी और भारतीय भाषाओं के माध्यम से विधि शिक्षा के उद्देश्य से बी.ए.एलएल.बी. (ऑनर्स) पंचवर्षीय कार्यक्रम भी प्रारंभ हो चुका है। इस समय संचालित शैक्षिक विभाग एवं केंद्र इस प्रकार हैं : भाषाविज्ञान, भाषा प्रौद्योगिकी एवं भाषा अभियांत्रिकी, अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा अध्ययन, भारतीय भाषा अध्ययन, हिंदी साहित्य, तुलनात्मक साहित्य, मराठी साहित्य, संस्कृत साहित्य, गांधी एवं शांति अध्ययन, प्रदर्शनकारी कला, सिनेमा अध्ययन, स्त्री अध्ययन, डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर–सिदो–कान्हू मुर्मू दलित एवं जनजातीय अध्ययन, डॉ. भदंत आनंद कौसल्यायन बौद्ध अध्ययन, दर्शन एवं संस्कृति, अनुवाद अध्ययन, श्री चमनलाल प्रवासन एवं डायस्पोरा अध्ययन, पराविद्या उच्च शोध एवं ज्ञान–सर्जन, वर्धा समाज कार्य संस्थान, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, इतिहास, शिक्षा, जनसंचार, विधि, मानवविज्ञान, मनोविज्ञान, वाणिज्य एवं प्रबंधन। इन सभी अनुशासनों में अध्ययन–अध्यापन और शोध किया जाता है। हिंदी भाषा के बहुविध प्रयोग को समर्थ बनाने के लिए यहाँ निरंतर प्रयास किया जा रहा है, विदेशी भाषा अध्ययन केंद्र के अंतर्गत विदेशी भाषाओं (चीनी, जापानी, फ्रेंच, स्पैनिश) का अध्ययन–अध्यापन हो रहा है, साथ ही यहाँ विदेशी विद्यार्थियों के लिए हिंदी अध्ययन की सुविधा भी उपलब्ध है।

इसके क्षेत्रीय केंद्र–कोलकाता, प्रयागराज एवं सर्वज्ञ श्री चक्रधर स्वामी मराठी भाषा तथा तत्त्वज्ञान अध्ययन केंद्र रिद्धपुर, अमरावती (महाराष्ट्र) में अकादमिक कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं। विश्वविद्यालय का एक दूर शिक्षा निदेशालय भी है जिसमें कई पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। विश्वविद्यालय ने अपने अन्य सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए कई कार्य किये हैं। एक अंतरराष्ट्रीय मंच के रूप में उच्च अध्ययन का यह संस्थान भारतीय सांस्कृतिक दृष्टि और परंपराओं को समाहित करते हुए आधुनिक तकनीकों के माध्यम से उच्च अध्ययन में अपनी उत्कृष्टता सिद्ध करने की दिशा में प्रयत्नशील है। विश्वविद्यालय की शैक्षिक प्रक्रिया में संचार की नई तकनीकों, कल्पनाशीलता तथा सीखने के अनुभवपरक अवसरों के साथ–साथ सामाजिक जीवन से जुड़ने को भी महत्त्व दिया जाता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति : 2020 के क्रियान्वयन से अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए विश्वविद्यालय कृतसंकल्प है तथा इस दिशा में देश के अग्रगण्य विश्वविद्यालय के रूप में अग्रसर है।

मुझे पूरा विश्वास है कि आपयहाँ के प्राकृतिक परिवेश और अध्ययन के लिए उपलब्ध सुविधाओं के साथ आगे बढ़ सकेंगे। महात्मा गांधी और विनोबा भावे की कर्मभूमि में स्थित यह विश्वविद्यालय आपके समग्र व्यक्तित्व का विकास करते हुए आपको योग्य, सक्षम एवं संवेदनशील नागरिक बनने का अवसर देगा। मैं आपको आश्वस्त करती हूँ कि विश्वविद्यालय के अध्यापक और कर्मी आने वाले सभी विद्यार्थियों के अध्ययन को सफल एवं सार्थक बनाने के लिए हरसंभव सहायता उपलब्ध कराएँगे।

हार्दिक शुभकामनाओं सहित,

कुलपति

अनुक्रम

1. **विश्वविद्यालय के विद्यापीठ** 05–13 (1.1) **भाषा विद्यापीठ**–भाषा विज्ञान विभाग, विदेशी भाषा एव अंतरराष्ट्रीय अध्ययन केंद्र, भाषा प्रौद्योगिकी एवं भाषा अभियांत्रिकी विभाग,भारतीय भाषा विभाग ---- 05

(1.2) **साहित्य विद्यापीठ**–हिंदी साहित्य विभाग, प्रदर्शनकारी कला विभाग, फिल्म अध्ययन विभाग, मराठी साहित्य विभाग, संस्कृत साहित्य विभाग ---- 06

(1.3) **संस्कृति विद्यापीठ**–गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग, डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर-सिदो-कान्हू मुर्मू दलित एवं जनजातीय अध्ययन केंद्र, स्त्री अध्ययन विभाग, डॉ. भदंत आनंद कौसल्यायन बौद्ध अध्ययन केंद्र, दर्शन एवं संस्कृति विभाग ---- 07

(1.4) **अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ**–अनुवाद अध्ययन विभाग, प्रवासन एवं डायस्पोरा अध्ययन विभाग, तुलनात्मक साहित्य विभाग, पराविद्या उच्च शोध एवं ज्ञान सर्जन केंद्र ---- 08

(1.5) **मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ**–जनसंचार विभाग, मानवविज्ञान विभाग, राजनीति विज्ञान विभाग, समाजशास्त्र विभाग, इतिहास विभाग ---- 09

(1.6) **विधि विद्यापीठ**–विधि विभाग ---- 10

(1.7) **शिक्षा विद्यापीठ**–शिक्षा विभाग, मनोविज्ञान विभाग ---- 10

(1.8) **प्रबंधन विद्यापीठ**– प्रबंधन एवं वाणिज्य विभाग ---- 11

2. **संस्थान**

वर्धा समाज कार्य संस्थान ---- 11

3 **क्षेत्रीय केंद्र/अध्ययन केंद्र**

(3.1) क्षेत्रीय केंद्र, प्रयागराज ---- 12

(3.2) क्षेत्रीय केंद्र, कोलकाता ---- 13

(3.3) सर्वज्ञ श्री चक्रधर स्वामी मराठी भाषा तथा तत्त्वज्ञान अध्ययन केंद्र, रिद्धपुर, अमरावती (महाराष्ट्र) ---- 13

4. **विश्वविद्यालय के वर्धा मुख्यालय में संचालित नियमित कार्यक्रम** 14-16

(4.1) परास्नातक कार्यक्रम ---- 14-16

(4.2) स्नातक कार्यक्रम ---- 17-20

(4.3) परास्नातक (पी.जी.)डिप्लोमा/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट कार्यक्रम ---- 20

5. **विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केद्रों/अध्ययन केंद्र पर संचालित कार्यक्रम** ---- 21-23

6. **अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए हिंदी कार्यक्रम** ---- 24-25

7. **शुल्क-विवरण (नियमित कार्यक्रम)** ---- 26–28

8. **प्रवेश के नियम** ---- 29-30

9. **रैगिंग निषेध संबंधी विवरण** ---- 30

10. **आंतरिक शिकायत समिति (ICC)** ---- 30

11. **दूर शिक्षा निदेशालय** ---- 31

12. **उपलब्ध सुविधाएँ तथा एन.एस.एस.** ---- 31-35

13. **एन.सी.सी.** ---- 36

14. **अकादमिक कैलेंडर 2026-27** ---- 37

15. **मानचित्र** ---- 38

श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
माननीय कुलाध्यक्ष

प्रो. कुमुद शर्मा
कुलपति

क़ादर नवाज़ ख़ान
कार्यवाहक कुलसचिव

विश्वविद्यालय के विद्यापीठ, विभाग, केंद्र एवं संस्थान

भाषा विद्यापीठ

भाषाविद्यापीठ की संकल्पना भाषा केंद्रित अध्ययन के एक अनूठे केंद्र के रूप में की गयी है। हिंदी भाषा का विकास, प्रोन्नयन और पहचान स्थापित करना विद्यापीठ का मूल उद्देश्य है। एतर्थ हिंदी की प्रभावी प्रकार्यात्मक क्षमता तथा अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में उसका विकास विद्यापीठ का अभीष्ट लक्ष्य है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विद्यापीठ की मुख्य कार्य-योजनाएँ इस प्रकार हैं–

1. हिंदी भाषा के सभी पक्षों का भाषावैज्ञानिक अध्ययन।
2. हिंदी एवं उसकी आधार भाषाओं (अवधी, ब्रज, भोजपुरी, मारवाड़ी, मालवी आदि) संबंधी सर्वेक्षण तथा अध्ययन।
3. हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं का तुलनात्मक अध्ययन।
4. भाषाविज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उपलब्ध ज्ञान को हिंदी के लिए सुलभ बनाना।
5. हिंदी के लिए प्रौद्योगिकीय उपकरणों एवं सॉफ्टवेयर का विकास।
6. भाषाविज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संबंधी मौलिक ज्ञान का हिंदी में सृजन।
7. हिंदी के क्षितिज-विस्तार के लिए विदेशी भाषाओं का अध्ययन।
8. अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए विविध शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन।

इन कार्य-योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए शिक्षण, प्रशिक्षण, शोध और विविध प्रकार के विस्तार कार्यक्रम संचालित किये जाते हैं। भाषा विद्यापीठ में निम्नलिखित विभाग/केंद्र स्थापित किये गये हैं–

1. भाषाविज्ञान विभाग

संचालित कार्यक्रम

- पीएच.डी. भाषाविज्ञान
- पीएच.डी. हिंदी भाषा
- एम.ए. भाषाविज्ञान
- एम.ए. हिंदी भाषा
- हिंदी भाषा में चार वर्षीय स्नातक
- भाषाविज्ञान में चार वर्षीय स्नातक

2. अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा अध्ययन विभाग

संचालित कार्यक्रम

- पीएच.डी. स्पैनिश भाषा/भाषाविज्ञान/अनुवाद
- पीएच.डी. फ्रांसीसी भाषा/भाषाविज्ञान/अनुवाद
- पीएच.डी. चीनी भाषा/भाषाविज्ञान/अनुवाद
- स्पैनिश में चार वर्षीय स्नातक
- फ्रांसीसी में चार वर्षीय स्नातक
- चीनी में चार वर्षीय स्नातक
- जापानी में चार वर्षीय स्नातक
- अंग्रेजी भाषा में चार वर्षीय स्नातक

3. भाषा प्रौद्योगिकी एवं भाषा अभियांत्रिकी विभाग

संचालित कार्यक्रम

- पीएच.डी. भाषा प्रौद्योगिकी
- पीएच.डी. इंफॉर्मेटिक्स एंड लैंग्वेज इंजीनियरिंग
- एम.सी.ए. मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लिकेशन
- एम.ए. भाषा प्रौद्योगिकी
- भाषा प्रौद्योगिकी में चार वर्षीय स्नातक
- कंप्यूटर अनुप्रयोग में चार वर्षीय स्नातक
- कंप्यूटर अनुप्रयोग में पी.जी. डिप्लोमा

4. भारतीय भाषा अध्ययन विभाग

संचालित कार्यक्रम

- संस्कृत भाषा में चार वर्षीय स्नातक
- मराठी भाषा में चार वर्षीय स्नातक
- उर्दू भाषा में चार वर्षीय स्नातक

साहित्य विद्यापीठ

साहित्य विद्यापीठ हिंदी के साथ-साथ भारतीय एवं विश्व साहित्य के अध्ययन-अध्यापन के लिए समर्पित है। विश्वविद्यालय के उद्देश्य में ही निहित है कि हिंदी भारतीय भाषाओं से संवाद करती हुई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित हो।
साहित्य समावेशी विद्या है, ज्ञान के विभिन्न अनुशासनों और कलाओं के साथ उसका घनिष्ठ संबंध रहा है। इस दृष्टि से अंतरानुशासनिक अध्ययन एवं शोध इस विद्यापीठ की प्रमुख गतिविधि है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विद्यापीठ में निम्नलिखित विभाग स्थापित किये गये हैं:–

1. हिंदी साहित्य विभाग

संचालित कार्यक्रम

- पीएच.डी. हिंदी साहित्य
- एम.ए. हिंदी साहित्य
- हिंदी साहित्य में चार वर्षीय स्नातक

2. प्रदर्शनकारी कला विभाग

संचालित कार्यक्रम

- पीएच.डी. नाट्यकलाशास्त्र
- एम.ए. नाट्यकलाशास्त्र
- नाट्यकलाशास्त्र में चार वर्षीय स्नातक
- संगीत (कंठ/Vocal) में चार वर्षीय स्नातक
- चित्रकला में चार वर्षीय स्नातक (प्रवेशित छात्रों की संख्या 10 से कम होने पर कार्यक्रम संचालित नहीं होगा)
- नृत्य (कथक/भरतनाट्यम) में चार वर्षीय स्नातक
- वादन (तबला/सितार/वीणा) में चार वर्षीय स्नातक
- संगीत (हिंदुस्तानी गायन) में पी.जी. डिप्लोमा
- नृत्य (कथक) में पी.जी. डिप्लोमा
- हिंदुस्तानी गायन में डिप्लोमा
- हिंदुस्तानी गायन में सर्टिफिकेट

3. सिनेमा अध्ययन विभाग (क्षेत्रीय केंद्र, प्रयागराज)

संचालित कार्यक्रम

- पीएच.डी. फिल्म अध्ययन
- एम.ए.फिल्म अध्ययन
- फिल्म अध्ययन में चार वर्षीय स्नातक

4. मराठी साहित्य विभाग

संचालित कार्यक्रम

- एम.ए. मराठी
- मराठी साहित्य में चार वर्षीय स्नातक

5. संस्कृत साहित्य विभाग

संचालित कार्यक्रम

- पीएच.डी. संस्कृत
- एम.ए. संस्कृत
- संस्कृत साहित्य में चार वर्षीय स्नातक

संस्कृति विद्यापीठ

संस्कृति विद्यापीठ दार्शनिक चिंतन, सांस्कृतिक अध्ययन, समाजविज्ञान विमर्श एवं बहुसांस्कृतिक अकादमिक विकास के लक्ष्य के प्रति समर्पित है। विद्यापीठ की गतिविधियाँ सामाजिक न्याय एवं शांतिपूर्ण विकास के मूल्यों का मार्ग प्रशस्त करती हैं। हिंदी भाषा में गंभीर समाजविज्ञान विमर्श, अंतरानुशासनिक अध्ययन एवं शोध के माध्यम से समाज व संस्कृति के सम्मुख उपस्थित चुनौतियों के अहिंसक एवं शांतिपूर्ण समाधान की तलाश, वंचित एवं हाशिये के समूहों की बराबरी के संघर्ष का अध्ययन करना इस विद्यापीठ के प्रमुख लक्ष्य हैं।

इन उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित विभाग/केंद्र स्थापित किये गये हैं–

1. गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग

संचालित कार्यक्रम

- पीएच.डी. गांधी एवं शांति अध्ययन
- एम.ए. गांधी एवं शांति अध्ययन
- गांधी एवं शांति अध्ययन में चार वर्षीय स्नातक

2. डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर-सिदो-कान्हू मुर्मू दलित एवं जनजातीय अध्ययन केंद्र

संचालित कार्यक्रम

- पीएच.डी. दलित एवं जनजातीय अध्ययन
- एम.ए. दलित एवं जनजातीय अध्ययन
- दलित एवं जनजातीय अध्ययन में चार वर्षीय स्नातक

3. स्त्री अध्ययन विभाग (क्षेत्रीय केंद्र, प्रयागराज)

संचालित कार्यक्रम

- पीएच.डी. स्त्री अध्ययन
- एम.ए. स्त्री अध्ययन
- स्त्री अध्ययन में चार वर्षीय स्नातक

4. डॉ. भदंत आनंद कौसल्यायन बौद्ध अध्ययन केंद्र

संचालित कार्यक्रम

- पीएच.डी. बौद्ध अध्ययन
- एम.ए. बौद्ध अध्ययन
- बौद्ध अध्ययन में चार वर्षीय स्नातक

5. दर्शन एवं संस्कृति विभाग

संचालित कार्यक्रम

- पीएच.डी. दर्शनशास्त्र
- एम.ए. दर्शनशास्त्र
- एम.ए. हिंदू अध्ययन
- दर्शनशास्त्र में चार वर्षीय स्नातक
- हिंदू अध्ययन में चार वर्षीय स्नातक
- जैन अध्ययन में चार वर्षीय स्नातक

अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ

विश्वविद्यालय अधिनियम द्वारा निर्धारित उद्देश्यों की अनुरूपता में अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ के निम्नलिखित कर्त्तव्य हैं–

1. अनुवाद संबंधी शोध, शिक्षण एवं प्रशिक्षण के कार्यक्रमों का संचालन।
2. भारत और भारत के बाहर विभिन्न ज्ञानानुशासनों के क्षेत्र में संपन्न अनुसंधान और ज्ञान-सामग्री को मुख्यतः हिंदी एवं भारतीय भाषाओं में विकसित करना और उपलब्ध कराना।
3. हिंदी भाषा और साहित्य के संवर्धन के लिए भारतीय भाषाओं एवं साहित्य के लिए अनूदित आधार सामग्री का विकास करना।
4. भारतीय भाषाओं के मध्य संवाद एवं आदान-प्रदान बढ़ाने के लिए सेतु भाषा के रूप में संस्कृत को विकसित करने के उपाय करना।
5. हिंदी में ज्ञान के विकास और मौलिक ज्ञान के सृजन के लिए भारतीय निर्वचन परंपरा का पुनरन्वेषण एवं तदनुरूप उपर्युक्त पद्धतियों का विकास।
6. कौशल संपन्न अनुवादकों, आशु-अनुवादकों एवं निर्वचन-कर्ताओं को तैयार करना तथा राष्ट्रीय स्तर पर इन्हें व्यावसायिक समूहों से संबद्ध करना।
7. राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रवासित/डायस्पोरा समुदाय की भाषा, साहित्य एवं संस्कृति का भारतीय संस्कृति की सापेक्षता में अध्ययन।

उपरिलिखित कार्य-योजना के कार्यान्वयन के लिए अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ में निम्नलिखित विभाग/केंद्र स्थापित किये गये हैं–

1. अनुवाद अध्ययन विभाग

संचालित कार्यक्रम

- पीएच.डी. अनुवाद अध्ययन
- एम.ए. अनुवाद अध्ययन
- अनुवाद में चार वर्षीय स्नातक
- अनुवाद अध्ययन में पी.जी. डिप्लोमा

2. श्री चमनलाल प्रवासन एवं डायस्पोरा अध्ययन विभाग

संचालित कार्यक्रम

- पीएच.डी. प्रवासन एवं डायस्पोरा अध्ययन
- प्रवासन एवं डायस्पोरा अध्ययन में चार वर्षीय स्नातक
- भारतीय डायस्पोरा में पी.जी. डिप्लोमा

3. तुलनात्मक साहित्य विभाग

संचालित कार्यक्रम

- पीएच.डी. तुलनात्मक साहित्य
- एम.ए. तुलनात्मक साहित्य
- तुलनात्मक साहित्य में चार वर्षीय स्नातक

4. पराविद्या उच्च शोध एवं ज्ञान–सृजन केंद्र

विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों के सहकार से भाषा, साहित्य, संस्कृति तथा अनुवाद एवं निर्वचन केंद्रित विषयों पर परानुशासनिक (Transdisciplinary) शोध एवं ज्ञान सर्जन के लिए स्थापित है। वे अभ्यर्थी जो अपने ज्ञानानुशासन की मर्यादाओं से आगे बढ़कर ज्ञान को उसकी संश्लिष्टता एवं एकान्विति में आविष्कृत करना चाहते हैं, इस केंद्र में रिक्त पीएच.डी. सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश हेतु अर्हताएँ अन्य पीएच.डी.कार्यक्रमों के समान होंगी। इस केंद्र के अंतर्गत सीटें पराविद्या उच्च शोध एवं ज्ञान–सर्जन केंद्र के साथ सहयोजित शोध-निर्देशकों के मूल विभागों से स्थानांतरित की जाती हैं।

मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ

मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ की स्थापना 2010 ई. में हुई। यह विद्यापीठ हिंदी भाषा के माध्यम से समाज विज्ञान के नवाचारी एवं रोजगारपरक कार्यक्रमों के शिक्षण-प्रशिक्षण एवं शोध के लिए प्रतिबद्ध है। समाज में जनमत निर्माण, मीडिया हस्तक्षेप एवं भारतीय समाज की मानवशास्त्रीय व्याख्या आदि अकादमिक एवं व्यावहारिक विमर्श इस विद्यापीठ की गतिविधियों का लक्ष्य है। विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के माध्यम से यह विद्यापीठ समाज से सीधे जुड़कर अपनी शोध एवं अकादमिक गतिविधियों को संचालित कर रहा है। इस विद्यापीठ में निम्नलिखित विभाग स्थापित किये गये हैं–

1. जनसंचार विभाग

संचालित कार्यक्रम

- पीएच.डी. जनसंचार
- एम.ए. जनसंचार
- जनसंचार में चार वर्षीय स्नातक

2. मानवविज्ञान विभाग

संचालित कार्यक्रम

- पीएच.डी. मानवविज्ञान
- एम.ए. मानवविज्ञान
- मानवविज्ञान में चार वर्षीय स्नातक

3. राजनीति विज्ञान विभाग

संचालित कार्यक्रम

- एम.ए. राजनीति विज्ञान
- राजनीति विज्ञान में स्नातक चार वर्षीय

4. समाजशास्त्र विभाग

संचालित कार्यक्रम

- एम.ए. समाजशास्त्र
- समाजशास्त्र में चार वर्षीय स्नातक

5. इतिहास विभाग

संचालित कार्यक्रम

- एम.ए. इतिहास
- इतिहास में चार वर्षीय स्नातक

विधि विद्यापीठ

विधि विद्यापीठ विश्वविद्यालय में **राष्ट्रीय शिक्षा नीतिः 2020** की अपेक्षाओं के अनुरूप मातृभाषा में पठन-पाठन की भावना को बलवती करते हुए प्रथमतः हिंदी तथा आगामी वर्षों से संविधान की आठवीं अनुसूची में उल्लिखित अन्य भारतीय भाषाओं में विधिक शिक्षा प्रदान करने का एक अंतरराष्ट्रीय केंद्र स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है। भारतीय भाषाओं में विधिक शिक्षा के माध्यम से वकालत की कला में दक्ष अधिवक्ता तथा न्याय प्रदान करने में सक्षम न्यायाधीशों को तैयार करना विधि विद्यापीठ का अभिलक्ष्य है।

1. विधि विभाग

संचालित कार्यक्रम

- बी.ए.एलएल.बी. (ऑनर्स) पंचवर्षीय स्नातक कार्यक्रम (एकीकृत)

शिक्षा विद्यापीठ

शिक्षा-कार्य के लिए अभिप्रेरित अध्यापक, शोधवेत्ता एवं शिक्षा विद्यापीठ का प्रमुख लक्ष्य विश्वविद्यालय के उद्देश्य के अनुरूप ऐसे शिक्षक तैयार करना है जो हिंदी भाषा एवं साहित्य सहित विभिन्न ज्ञानानुशासनों में हिंदी माध्यम से राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षण कर सकें। इस हेतु विद्यापीठ द्वारा शिक्षकों, अध्यापक-शिक्षकों एवं शिक्षाशास्त्र के अध्येताओं के लिए श्रेष्ठ अकादमिक और वृत्तिक विकास के अवसरों को उपलब्ध कराया जाता है। इस विद्यापीठ में भावी शिक्षकों एवं अध्येताओं को समग्र विकास का ऐसा परिवेश उपलब्ध कराया जाता है जिससे वे सुयोग्य, समर्थ, रचनाधर्मी, प्रतिबद्ध, समर्पित, समीक्षात्मक दृष्टि से युक्त, समाज एवं पर्यावरण के प्रति संवेदनशील तथा शिक्षाविद् बन सकें। इसके साथ ही शिक्षा से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में शोधकार्य को प्रोत्साहित करना, शिक्षा के विभिन्न परिप्रेक्ष्यों का विकास करना एवं हिंदी माध्यम से शिक्षाशास्त्र से संबंधित पाठ्य सामग्री का विकास करना इस विद्यापीठ के उद्देश्यों में निहित है।

इस विद्यापीठ में निम्नलिखित विभाग/केंद्र स्थापित किये गये हैं–

1. शिक्षा विभाग

संचालित कार्यक्रम

- पीएच.डी. शिक्षाशास्त्र
- एम.एड.
- एम.ए. शिक्षाशास्त्र
- बी.एड.
- बी.एड.-एम.एड. (एकीकृत)
- बी.ए.–बी.एड. (आई.टी.ई.पी.) (एकीकृत)

2. मनोविज्ञान विभाग

संचालित कार्यक्रम

- एम.ए.मनोविज्ञान
- परामर्श एवं निर्देशन में पी.जी. डिप्लोमा
- मनोविज्ञान में चार वर्षीय स्नातक
- योग एवं स्वास्थ्य अध्ययन में पी.जी. डिप्लोमा

प्रबंधन विद्यापीठ

प्रबंधन विद्यापीठ में आधुनिक प्रवृत्तियों और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए हिंदी भाषा में अनुप्रयुक्त व्यावसायिक अध्ययन से जुड़े रोज़गारपरक नवाचारी कार्यक्रम शामिल हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य समाज एवं बाजार की माँग को ध्यान में रखते हुए संबंधित ज्ञान एवं कौशल को विकसित करना है।

इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विद्यापीठ में निम्नलिखित विभाग स्थापित किया गया है।

1. वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग

संचालित कार्यक्रम

- पीएच.डी. प्रबंधन
- एम.बी.ए.
- प्रबंधन में चार वर्षीय स्नातक
- वाणिज्य में चार वर्षीय स्नातक

वर्धा समाज कार्य संस्थान

वर्धा समाज कार्य संस्थान का प्रारंभ सन 2007 में महात्मा गांधी फ्यूजी गुरूजी शांति अध्ययन केंद्र के रूप में हुआ। यह आगे चलकर समाज कार्य अध्ययन केंद्र के रूप में स्थापित हुआ। सन 2022 में इस अध्ययन केद्र को वर्धा समाज कार्य संस्थान के रूप में उच्चीकृत कर पुनर्गठित किया गया। यह संस्थान समाज कार्य शिक्षा के देशज स्वरूप, सिद्धांतों और पद्धतियों की सामाजिक आधारशिला को मजबूत बनाने तथा उसके महत्व को रेखांकित करने के लिए समर्पित है। संस्थान राष्ट्रीय शिक्षा नीति : 2020 के अनुरूप स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट तीनों स्तरों पर समाज कार्य के लिए एक शैक्षिक पाठ्यक्रम तैयार करने और प्रख्यापित करने हेतु सतत् प्रयत्नशील है इस हेतु संस्थान समाज कार्य शिक्षा के विभिन्न पाठ्यक्रमों में भारतीय मूल्यों एवं दृष्टिकोणों तथा दार्शनिक परंपराओं को समाहित करते हुए स्वदेशी ज्ञानस्रोतों का उपयोग करने का भी प्रयास करता रहा है। संस्थान द्वारा समाज कार्य में चार वर्षीय स्नातक, मास्टर ऑफ सोशल वर्क (एमएसडब्ल्यू), और पीएच.डी. (समाज कार्य) कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है।

संचालित कार्यक्रम

- पीएच.डी समाज कार्य
- एम.एस.डब्ल्यू. (मास्टर ऑफ सोशल वर्क)
- स्माज कार्य में चार वर्षीय स्नातक
- एन.जी.ओ. प्रबंधन में पी.जी. डिप्लोमा

विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र

क्षेत्रीय केंद्र, प्रयागराज

भूखण्ड संख्या–6/आई-3, झूंसी योजना–3,
प्रयागराज–211019, उत्तर प्रदेश
फोन नं. 0532–2424442
ईमेल: mgahvrcpryj@hindivishwa.ac.in

प्रयागराज केंद्र की स्थापना वर्ष 2009 ई. में हुई। इस केंद्र पर स्थानीय आवश्यकताओं को समाविष्ट करते हुए विश्वविद्यालय के विभिन्न विद्यापीठों में संचालित कार्यक्रम चलाए जाते हैं। इनमें हिंदी के अनेक नवोन्मेषी कार्यक्रम हैं जो हिंदी के विद्यार्थियों/ शोधार्थियों के लिए रोजगार की अनेक संभावनाएँ उद्घाटित करते हैं। मूलतः हिंदी क्षेत्र के केंद्र में स्थित होने के कारण इस केंद्र को हिंदी संबंधी अध्ययन एवं शोध के अनूठे केंद्र के रूप में विकसित करना हैं, जो हिंदी के साथ शेष भारतीय भाषाओं, उनके साहित्य और सांस्कृतिक वैविध्य को अपने अध्ययन का केंद्रीय लक्ष्य मानकर कार्य करने के लिए प्रतिश्रुत है।

संचालित कार्यक्रम

- एम.ए. अनुवाद अध्ययन
- एम.ए. हिंदी भाषा
- एम.ए.जनसंचार
- अनुवाद में पी.जी. डिप्लोमा
- अनुवाद अध्ययन में चार वर्षीय स्नातक
- जनसंचार में चार वर्षीय स्नातक
- हिंदी भाषा में चार वर्षीय स्नातक
- समाज कार्य में चार वर्षीय स्नातक
- राजनीति विज्ञान में चार वर्षीय स्नातक

स्त्री अध्ययन विभाग

संचालित कार्यक्रम

- पीएच.डी. स्त्री अध्ययन
- एम.ए. स्त्री अध्ययन
- स्त्री अध्ययन में चार वर्षीय स्नातक

फिल्म अध्ययन विभाग

संचालित कार्यक्रम

- पीएच.डी. फिल्म अध्ययन
- एम.ए. फिल्म अध्ययन
- फिल्म अध्ययन में चार वर्षीय स्नातक

क्षेत्रीय केंद्र, कोलकाता

एकतान, ईजेडसीसी, आईए.290, सेक्टर 3, साल्टलेक,
कोलकाता–97(प.बं.) फोनः 033–46039985
ईमेल:mgahvkolkata@hindivishwa.ac.in

इस केंद्र की स्थापना वर्ष 2011 ई. में की गई। इस केंद्र की स्थापना विश्वविद्यालय के विभिन्न विद्यापीठों के कार्यक्रमों को विशेषतः उत्तर-पूर्व के विद्यार्थियों को उपलब्ध कराने के लिए की गई। इस केंद्र का उद्देश्य पूर्वोत्तर भारत और सार्क देशों की जनजातीय, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय भाषाओं के साहित्य तथा संस्कृति के साथ हिंदी का संबंध प्रगाढ़ करना, उनसे साहित्यिक-सांस्कृतिक संबंध जोड़ना, पूर्वोत्तर भारत और सार्क देशों की भाषाओं के बीच समन्वय की संस्कृति को बढ़ावा देना है। हिंदी माध्यम से अध्ययन, शोध और नवाचार के अनेक उपक्रमों तथा अनुवाद के माध्यम से कोलकाता केंद्र को पूर्वोत्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता का अनुशीलन केंद्र और सार्क देशों का अध्ययन केंद्र बनाना है।

संचालित कार्यक्रम

- पीएच.डी. हिंदी साहित्य
- पीएच.डी. गांधी एवं शांति अध्ययन
- एम.ए. गांधी एवं शांति अध्ययन
- एम.ए. हिंदी साहित्य
- एन.जी.ओ. प्रबंधन में पी.जी. डिप्लोमा
- मानवाधिकार में पी.जी. डिप्लोमा

सर्वज्ञ श्री चक्रधर स्वामी मराठी भाषा तथा तत्त्वज्ञान अध्ययन केंद्र, रिद्धपुर, अमरावती (महा.) 444704

ईमेल riddhapurcenter@hindivishwa.ac.in,
riddhapurcentermgahv21@gmail.com
मो. 7387891486

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के सर्वज्ञ श्री चक्रधर स्वामी मराठी भाषा तथा तत्त्वज्ञान अध्ययन केंद्र रिद्धपुर (अमरावती) का प्रारंभ सर्वज्ञ श्री चक्रधर स्वामी के अष्टजन्म शताब्दी वर्ष पर 08 सितंबर 2021 को हुआ। सत्र 2021-22 से रिद्धपुर केंद्र पर एम.ए. मराठी (साहित्य) कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीतिः 2020 के अंतर्गत भारतीय भाषाओं के विकास के लिए महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय प्रतिबद्ध है। जिसके अंतर्गत रिद्धपुर केंद्र अध्ययन व शोध कार्य का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनने की दिशा में अग्रसर हो रहा है। रिद्धपुर केंद्र के माध्यम से मराठी साहित्य व अन्य भारतीय भाषाओं के साहित्य का तुलनात्मक अध्ययन मराठी भाषा में जो ज्ञान उपलब्ध है उसका अनुवाद और धर्म तत्त्वज्ञान तथा संस्कृति के अध्ययन का कार्य केंद्र द्वारा करने की योजना पर कार्य प्रारंभ हुआ है।

संचालित कार्यक्रम

- एम.ए. मराठी
- मराठी भाषा में चार वर्षीय स्नातक

विश्वविद्यालय में संचालित नियमित परास्नातक/स्नातक/अन्य कार्यक्रम

वर्धा मुख्यालय

परास्नातक (PG) कार्यक्रम

आरक्षण	नियमानुसार
अवधि	4 सेमेस्टर (2 वर्ष) * 6 सेमेस्टर (3 वर्ष)
प्रवेश	अर्हता परीक्षा के प्राप्तांकों की मेरिट के आधार पर।

क्र.सं.	कार्यक्रम/उपाधि का नाम	अर्हता	सीटों की संख्या	कुल क्रेडिट
1	* **बी.एड.–एम.एड. (एकीकृत)**	राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् विनियम 2014 के प्रावधानों के अनुरूप (किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से विज्ञान/समाज विज्ञान/मानविकी से पोस्ट ग्रेजुऐट के साथ न्यूनतम 55% अंक या समतुल्य हो। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजातिअन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए केंद्र सरकार के नियमानुसार आरक्षण और छूट होगी।)	50	80
2	**बी.एड.**	राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् विनियम 2014 के प्रावधानों के अनुरूप (किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से विज्ञान/समाज विज्ञान/मानविकी से बैचलर/मास्टर डिग्री के साथ न्यूनतम 50% अंक हो। इंजीनियरिंगप्रौद्योगिकी में विशेषज्ञता तथा विज्ञान और गणित सहित 55% अंक या समतुल्य हो। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए केंद्र सरकार के नियमानुसार आरक्षण और छूट होगी।)	50	80
3	**एम.ए. गांधी एवं शांति अध्ययन**	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक परीक्षा न्यूनतम 50%सामान्य वर्ग के लिए (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंक के साथ उत्तीर्ण।	15	80
4	**एम.ए. मानवविज्ञान**	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से स्नातक परीक्षा न्यूनतम 50%सामान्य वर्ग के लिए (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंक के साथ उत्तीर्ण।	40	80
5	**एम.बी.ए.**	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयध्संस्थान से स्नातक परीक्षा न्यूनतम 50%सामान्य वर्ग के लिए (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंक के साथ उत्तीर्ण।	40	104
6	**एम.एड.**	राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद्, विनियम 2014 के प्रावधानों के अनुरूप (बी.एड., बी.ए.बी.एड., बी.एससी.बी.एड., बी.ईएल.ईडी., डी.ईएल.ईडी. इन कार्यक्रमों से किसी एक में न्यूनतम 50% अंक प्राप्त हो और बैचलर डिग्री के साथ न्यूनतम 50% अंक हो।अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति /अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए केंद्र सरकार के नियमानुसार आरक्षण और छूट होगी।)	50	80
7	**एम.ए. शिक्षाशास्त्र**	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक परीक्षा न्यूनतम 50% सामान्य वर्ग के लिए (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंक के साथ उत्तीर्ण।	40	80

8	**एम.ए. जनसंचार**	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक परीक्षा न्यूनतम 50% सामान्य वर्ग के लिए (अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंक के साथ उत्तीर्ण।	60	80
9	**एम.ए. नाट्यकलाशास्त्र**	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक परीक्षा न्यूनतम 50% सामान्य वर्ग के लिए (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंक के साथ उत्तीर्ण।	40	80
10	**एम.ए. इतिहास**	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय संस्थान से स्नातक परीक्षा न्यूनतम 50% सामान्य वर्ग के लिए (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंक के साथ उत्तीर्ण।	40	80
11	**एम.ए. दलित एवं जनजातीय अध्ययन**	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय संस्थान से स्नातक परीक्षा न्यूनतम 50% सामान्य वर्ग के लिए (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंक के साथ उत्तीर्ण।	20	80
12	**एम.ए. बौद्ध अध्ययन**	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयसंस्थान से स्नातक परीक्षा न्यूनतम 50% सामान्य वर्ग के लिए (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंक के साथ उत्तीर्ण।	40	80
13	**एम.ए. दर्शनशास्त्र**	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयसंस्थान से स्नातक परीक्षा न्यूनतम 50% सामान्य वर्ग के लिए (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंक के साथ उत्तीर्ण।	40	80
14	**एम.ए. हिंदू अध्ययन**	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयसंस्थान से स्नातक परीक्षा न्यूनतम 50% सामान्य वर्ग के लिए (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंक के साथ उत्तीर्ण।	40	80
15	**एम.ए. राजनीति विज्ञान**	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयसंस्थान से स्नातक परीक्षा न्यूनतम 50% सामान्य वर्ग के लिए (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंक के साथ उत्तीर्ण।	40	80
16	**एम.एस.डब्ल्यू**	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयसंस्थान से स्नातक परीक्षा न्यूनतम 50% सामान्य वर्ग के लिए (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंक के साथ उत्तीर्ण।	60	80
17	**एम.ए. समाजशास्त्र**	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक परीक्षा न्यूनतम 50% सामान्य वर्ग के लिए (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंक के साथ उत्तीर्ण।	40	80
18	**एम.ए. हिंदी साहित्य**	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक परीक्षा न्यूनतम 50% सामान्य वर्ग के लिए (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंक के साथ उत्तीर्ण।	60	80
19	**एम.ए. हिंदी भाषा**	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक परीक्षा न्यूनतम 50% सामान्य वर्ग के लिए (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंक के साथ उत्तीर्ण।	50	80

20	**एम.ए. तुलनात्मक साहित्य**	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक परीक्षा न्यूनतम 50% सामान्य वर्ग के लिए (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंक के साथ उत्तीर्ण।	20	80
21	**एम.ए. अनुवाद अध्ययन**	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक परीक्षा न्यूनतम 50% सामान्य वर्ग के लिए (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंक के साथ उत्तीर्ण।	20	80
22	**एम.ए. संस्कृत**	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक परीक्षा न्यूनतम 50% सामान्य वर्ग के लिए (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंक के साथ उत्तीर्ण।	40	80
23	**एम.ए. मराठी**	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक परीक्षा न्यूनतम 50% सामान्य वर्ग के लिए (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंक के साथ उत्तीर्ण।	40	80
24	**एम.ए. भाषाविज्ञान**	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक परीक्षा न्यूनतम 50% सामान्य वर्ग के लिए (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंक के साथ उत्तीर्ण।	40	80
25	**एम.ए. मनोविज्ञान**	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक परीक्षा न्यूनतम 50% सामान्य वर्ग के लिए (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंक के साथ उत्तीर्ण।	40	80
26	**मास्टर ऑफ कंप्यूटर अनुप्रयोग (एम.सी.ए.)**	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक परीक्षा न्यूनतम 50% सामान्य वर्ग के लिए (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंक के साथ उत्तीर्ण।	50	80

वर्धा मुख्यालय

स्नातक (UG) कार्यक्रम

आरक्षण	नियमानुसार
अवधि	8 सेमेस्टर (4 वर्ष)
प्रवेश	अर्हता परीक्षा के प्राप्तांकों की मेरिट के आधार पर।

क्र.सं.	कार्यक्रम/उपाधि का नाम	अर्हता	सीटों की	कुल क्रेडिट
1	भाषाविज्ञान में चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (Multiple entry & Exit Scheme विकल्प के साथ)	किसी भी मान्यता प्राप्त केंद्रीय/राज्य बोर्ड अथवा समकक्ष संस्था से विज्ञान/कला वर्ग में कम–से–कम 50% (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंकों के साथ अथवा समकक्ष ग्रेड के साथ 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।	40	160
2	हिंदी भाषा में चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (Multiple entry & Exit Scheme विकल्प के साथ)	किसी भी मान्यता प्राप्त केंद्रीय/राज्य बोर्ड अथवा समकक्ष संस्था से विज्ञान/कला वर्ग में कम–से–कम 50% (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंकों के साथ अथवा समकक्ष ग्रेड के साथ 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।	30	160
3	संस्कृत भाषा में चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (Multiple entry & Exit Scheme विकल्प के साथ)	किसी भी मान्यता प्राप्त केंद्रीय/राज्य बोर्ड अथवा समकक्ष संस्था से कला वर्ग में कम–से–कम 50% (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंकों के साथ अथवा समकक्ष ग्रेड के साथ 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।	30	160
4	मराठी भाषा में चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (Multiple entry & Exit Scheme विकल्प के साथ)	किसी भी मान्यता प्राप्त केंद्रीय/राज्य बोर्ड अथवा समकक्ष संस्था से कला वर्ग में कम–से–कम 50% (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंकों के साथ अथवा समकक्ष ग्रेड के साथ 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।	30	160
5	उर्दू भाषा में चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (Multiple entry & Exit Scheme विकल्प के साथ)	किसी भी मान्यता प्राप्त केंद्रीय/राज्य बोर्ड अथवा समकक्ष संस्था से कला वर्ग में कम–से–कम 50% (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंकों के साथ अथवा समकक्ष ग्रेड के साथ 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।	30	160
6	अंग्रेजी भाषा में चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (Multiple entry & Exit Scheme विकल्प के साथ)	किसी भी मान्यता प्राप्त केंद्रीय/राज्य बोर्ड अथवा समकक्ष संस्था से विज्ञान/कला वर्ग में कम–से–कम 50% (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंकों के साथ अथवा समकक्ष ग्रेड के साथ 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।	30	160
7	फ्रांसीसी में चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (Multiple entry & Exit Scheme विकल्प के साथ)	किसी भी मान्यता प्राप्त केंद्रीय/राज्य बोर्ड अथवा समकक्ष संस्था से विज्ञान/कला वर्ग में कम–से–कम 50% (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंकों के साथ अथवा समकक्ष ग्रेड के साथ 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।	30	160
8	स्पैनिश में चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (Multiple entry & Exit Scheme विकल्प क साथ)	किसी भी मान्यता प्राप्त केंद्रीय/राज्य बोर्ड अथवा समकक्ष संस्था से विज्ञान/कला वर्ग में कम–से–कम 50% (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंकों के साथ अथवा समकक्ष ग्रेड के साथ 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।	30	160
9	जापानी में चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (Multiple entry & Exit Scheme विकल्प के साथ)	किसी भी मान्यता प्राप्त केंद्रीय/राज्य बोर्ड अथवा समकक्ष संस्था से विज्ञान/कला वर्ग में कम–से–कम 50% (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंकों के साथ अथवा समकक्ष ग्रेड के साथ 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।	30	160
10	चीनी में चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (Multiple entry & Exit Scheme विकल्प के साथ)	किसी भी मान्यता प्राप्त केंद्रीय/राज्य बोर्ड अथवा समकक्ष संस्था से विज्ञान/कला वर्ग में कम–से–कम 50% (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंकों के साथ अथवा समकक्ष ग्रेड के साथ 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।	30	160

11	हिंदी साहित्य में चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (Multiple entry & Exit Scheme विकल्प के साथ)	किसी भी मान्यता प्राप्त केंद्रीय/राज्य बोर्ड अथवा समकक्ष संस्था से विज्ञान/कला वर्ग में कम–से–कम 50% (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंकों के साथ अथवा समकक्ष ग्रेड के साथ 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।	60	160
12	संस्कृत साहित्य में चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (Multiple entry & Exit Scheme विकल्प के साथ)	किसी भी मान्यता प्राप्त केंद्रीय/राज्य बोर्ड अथवा समकक्ष संस्था से कला वर्ग में कम–से–कम 50% (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंकों के साथ अथवा समकक्ष ग्रेड के साथ 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।	30	160
13	मराठी साहित्य में चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (Multiple entry & Exit Scheme विकल्प के साथ)	किसी भी मान्यता प्राप्त केंद्रीय/राज्य बोर्ड अथवा समकक्ष संस्था से कला वर्ग में कम–से–कम 50% (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंकों के साथ अथवा समकक्ष ग्रेड के साथ 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।	30	160
14	नाट्यकलाशास्त्र में चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (Multiple entry & Exit Scheme विकल्प के साथ)	किसी भी मान्यता प्राप्त केंद्रीय/राज्य बोर्ड अथवा समकक्ष संस्था से विज्ञान/कला वर्ग में कम–से–कम 50% (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंकों के साथ अथवा समकक्ष ग्रेड के साथ 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।	30	160
15	संगीत (कंठ/Vocal) में चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (Multiple entry & Exit Scheme विकल्प के साथ)	किसी भी मान्यता प्राप्त केंद्रीय/राज्य बोर्ड अथवा समकक्ष संस्था से विज्ञान/कला वर्ग में कम–से–कम 50% (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंकों के साथ अथवा समकक्ष ग्रेड के साथ 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।	20	160
16	चित्रकला में चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (Multiple entry & Exit Scheme विकल्प के साथ)	किसी भी मान्यता प्राप्त केंद्रीय/राज्य बोर्ड अथवा समकक्ष संस्था से विज्ञान/कला वर्ग में कम–से–कम 50% (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंकों के साथ अथवा समकक्ष ग्रेड के साथ 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण। (प्रवेशित छात्रों की संख्या 10 से कम होने पर कार्यक्रम संचालित नहीं होगा)	20	160
17	नृत्य (कथक/भरतनाट्यम) में चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (Multiple entry & Exit Scheme विकल्प के साथ)	किसी भी मान्यता प्राप्त केंद्रीय/राज्य बोर्ड अथवा समकक्ष संस्था से विज्ञान/कला वर्ग में कम–से–कम 50% (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंकों के साथ अथवा समकक्ष ग्रेड के साथ 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।	20	160
18	वादन (तबला/सितार/वीणा) में चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (Multiple entry & Exit Scheme विकल्प के साथ)	किसी भी मान्यता प्राप्त केंद्रीय/राज्य बोर्ड अथवा समकक्ष संस्था से विज्ञान/कला वर्ग में कम–से–कम 50% (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंकों के साथ अथवा समकक्ष ग्रेड के साथ 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।	20	160
19	गांधी एवं शांति अध्ययन में चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (Multiple entry & Exit Scheme विकल्प के साथ)	किसी भी मान्यता प्राप्त केंद्रीयध राज्य बोर्ड अथवा समकक्ष संस्था से विज्ञान/कला वर्ग में कम–से–कम 50% (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंकों के साथ अथवा समकक्ष ग्रेड के साथ 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।	15	160
20	दर्शनशास्त्र में चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (Multiple entry & Exit Scheme विकल्प के साथ)	किसी भी मान्यता प्राप्त केंद्रीय/राज्य बोर्ड अथवा समकक्ष संस्था से विज्ञान/कला वर्ग में कम–से–कम 50% (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंकों के साथ अथवा समकक्ष ग्रेड के साथ 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।	30	160
21	हिंदू अध्ययन में चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (Multiple entry & Exit Scheme विकल्प के साथ)	किसी भी मान्यता प्राप्त केंद्रीय/राज्य बोर्ड अथवा समकक्ष संस्था से कला वर्ग में कम–से–कम 50% (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंकों के साथ अथवा समकक्ष ग्रेड के साथ 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।	30	160
22	जैन अध्ययन में चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (Multiple entry & Exit Scheme विकल्प के साथ)	किसी भी मान्यता प्राप्त केंद्रीय/राज्य बोर्ड अथवा समकक्ष संस्था से विज्ञान/कला वर्ग में कम–से–कम 50% (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंकों के साथ अथवा समकक्ष ग्रेड के साथ 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।	30	160
23	बौद्ध अध्ययन में चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (Multiple entry & Exit Scheme विकल्प के साथ)	किसी भी मान्यता प्राप्त केंद्रीय/राज्य बोर्ड अथवा समकक्ष संस्था से विज्ञान/कला वर्ग में कम–से–कम 50% (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगों के लिए 45%) अंकों के साथ अथवा समकक्ष ग्रेड के साथ 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।	30	160

